तापमान
अधिकतम 24.8 डिग्री
न्यूनतम 5.0 डिग्री

हरिभूमि
# सोनीपत भूमि
रोहतक, शुक्रवार, 12 दिसंबर 2025

11 विधायक और मेयर ने विकास कार्यों का किया शुभारंभ



12 डॉक्टरों की हड़ताल खत्म, आज से इलाज करेंगे



## खबर संक्षेप

### अवैध हथियारों सहित दो युवक गिरफ्तार

**सोनीपत।** जिले में अवैध हथियार तस्करी की दो अलग-अलग घटनाओं में क्राइम यूनिट सेक्टर-3 सोनीपत ने दो आरोपितों को अवैध हथियार सहित गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। पहली कार्रवाई में पुलिस ने मनौली निवासी कर्ण को देसी पिस्तौल के साथ पकड़ा। पुलिस ने शक के आधार पर जब उसकी तलाशी ली गई तो उसकी पैंट से एक अवैध देसी पिस्तौल 315 बोर बरामद हुई।

### नगरपालिका कर्मियों पर रिश्वत मांगने का आरोप

**खरखौदा।** खरखौदा निवासी हेमंत ने नगर पालिका के दो कर्मियों पर रिश्वत लेने व उत्पीड़ित करने के आरोप लगाते हुए नगर निगम कमिश्नर, मेयर और उपमंडल अधिकारी को शिकायत पत्र सौंपा है। हेमंत ने शिकायत में बताया कि 24 जून को खरखौदा नगरपालिका पटवारी और पैरोकार ने उस पर नक्शा पास कराने के नाम पर 50 हजार रुपये रिश्वत मांगी थी। आरोप है कि रिश्वत न देने पर उसे विभिन्न तरह से परेशान किया गया।



हेमंत ने बताया कि 5 दिसंबर को उक्त कर्मियों की बातचीत की रिकॉर्डिंग वायरल होने से उनकी कार्यशैली उजागर हुई थी। जिसमें नगरपालिका की भूमि पर अवैध निर्माण कराने और लोगों को गलत तरीके से प्रताड़ित करने के आरोप शामिल थे।

### बड़ी गांव से 100 केवी का ट्रांसफार्मर चोरी

**गन्नौर।** बड़ी गांव में अज्ञात चोरों द्वारा 11 केवी एपी फीडर पर लगे 100 केवी ट्रांसफार्मर चोरी हो गया। चोरी की शिकायत बिजली विभाग के एरिया इंचार्ज जेई ओमदास ने बड़ी औद्योगिक क्षेत्र थाना पुलिस को दी। पुलिस को दी शिकायत में जेई ओमदत ने बताया कि 18 नवंबर की रात अज्ञात व्यक्तियों ने ट्रांसफार्मर उखाड़ लिया। उससे श्री मुर्गी फार्मवाले को बिजली सप्लाई होती थी। शिकायत में बताया कि मौके का निरीक्षण करने पर पाया कि ट्रांसफार्मर की खाली बॉडी ही जमीन पर पड़ी थी, जबकि उसकी एचटी-एलटी कॉइल, रॉड्स और अन्य कीमती पार्ट्स चोरी कर लिए गए थे। चोरी से विभाग को लगभग 1.90 लाख रुपये का नुकसान हुआ है और संबंधित उपभोक्ता की बिजली आपूर्ति पूरी तरह बाधित हो गई और कामकाज पर भी असर पड़ा। पुलिस के शिकायत देकर चोरों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग की है।

---

मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना गरीब परिवारों के जीवन में बदलाव लाने का सामूहिक संकल्प : सैनी

# मुख्यमंत्री ने दूसरे चरण का शुभारंभ किया, बोले- गरीबों की आय बढ़ाकर उन्हें सक्षम बनाना सरकार का लक्ष्य





हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने गुरुवार को सुभाष स्टेडियम में मुख्यंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना 2.0 की शुरूआत करते हुए राज्य स्तरीय अंत्योदय उत्थान मेले का उद्घाटन किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन और पंडित दीनदयाल उपाध्याय के अंत्योदय के दर्शन पर चलते हुए गरीबों का जीवन स्तर ऊपर उठाने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि अंत्योदय मेला केवल योजनाओं की जानकारी देने का माध्यम नहीं है, बल्कि यह विकास, सहभागिता और उत्साह का संगम है। यहां आने वाले हर परिवार के चेहरे पर जो उम्मीद की चमक है, वही हमारे प्रयासों की सच्ची पहचान है। उन्होंने कहा कि गरीब परिवारों की आय बढ़ाने के उददेश्य से यह योजना शुरू की गई है,जिसका जरूरतमंद परिवारों को खासा लाभ मिल रहा है। यह योजना गरीब परिवारों को समान अवसर, कौशल विकास, रोजगार, सम्मान और जीवन स्तर में सुधार देने के लिए एक समग्र पहल के साथ सामूहिक संकल्प है। योजना के पहले चरण में कुल 166 स्थानों पर अंत्योदय मेलों का आयोजन किया गया।

## प्रदेशभर में चरणबद्ध तरीके से मेलों का आयोजन होगा

,जबकि योजना के दूसरे चरण में प्रदेशभर में चरणबद्ध तरीके से मेलों का आयोजन होगा। उन्होंने कहा कि किसी भी समाज की मजबूती उसके परिवारों की मजबूती से तय होती है। यदि परिवार शिक्षित और सशक्त है, तो पूरा प्रदेश अपने आप समृद्धि की राह पकड़ लेता है। राज्य सरकार का प्रयास है कि समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं का लाभ बिना किसी भेदभाव और बिना किसी देरी के पहुंचे। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह योजना परिवारों की क्षमता विकसित करने पर बल देती है। इस योजना के तहत उन्हें ऋण और प्रशिक्षण दिया जाता है। ताकि वे स्वयं अपने पैरों पर खड़े हो सकें। यह योजना हर क्षेत्र में, चाहे वह रोजगार सृजन हो, चाहे स्वरोजगार के अवसर हों, चाहे शिक्षा हो, चाहे स्वास्थ्य, अंत्योदय परिवारों के जीवन को नई दिशा देती है।

### योजना में 19 विभागों की 49 योजनाओं को शामिल किया गया

उन्होंने कहा कि सरकार ने मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना के माध्यम से गरीब से गरीब परिवार की वार्षिक आय कम से कम 1 लाख 80 हजार रुपये करने का बीड़ा उठाया है। इसके लिए गरीब परिवारों को ऋण स्कीमों, कौशल विकास स्कीमों और निजी या विभिन्न विभागों में दिहाडी रोजगार और दूसरी सुविधाओं के साथ जोड़ा गया है। इस योजना में 19 विभागों की 49 योजनाओं को शामिल किया गया है। इसका लाभ प्राप्त करने के लिए एक पोर्टल भी बनाया है। इस पोर्टल पर योजनाओं की जानकारी के अलावा, पात्रता व लाभ का विवरण भी दिया गया है। इसी पोर्टल पर पात्र व्यक्ति योजना के लिए आवेदन भी कर सकता है। इस अवसर पर राई से विधायक कृष्णा गहलावत, खरखौदा से विधायक पवन खरखौदा, गन्नौर से विधायक देवेन्द्र कादियान, मेयर राजीव जैन, वरिष्ठ भाजपा नेता देवेन्द्र कौशिक, प्रदीप सांगवान, आजाद नेहरा, रविन्द्र दिलावर, तरूण देवीदास सहित अनेक गणमान्य नेता मौजूद रहे।

### महिलाओं के उत्थान के लिए सरकार प्रतिबद्ध : मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने पंडित दीनदयाल लाडो लक्ष्मी योजना का जिक्र करते हुए कहा कि सरकार द्वारा महिलाओं को आर्थिक व सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने के लिए इस योजना की शुरूआत की गई है। अब तक दो किस्तों में 7 लाख से अधिक बहन-बेटियों को 258 करोड़ रुपये की राशि प्रदान की गई है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा ऑटो मोड में अब तक 41 लाख से अधिक परिवारों के राशन कार्ड बनाए गए हैं। इतना ही नहीं बीपीएल परिवार को मुफ्त चिकित्सा सुविधा प्रदान करने के लिए चिरायु योजना चलाई हुई है। आयुष्मान भारत-चिरायु योजना में 25 लाख 39 हजार मरीजों का 4 हजार 126 करोड़ रुपये का मुफ्त इलाज किया गया है। निरोगी हरियाणा योजना के प्रथम चरण में अंत्योदय परिवारों के 96.72 लाख लाभार्थियों की स्वास्थ्य जांच की जा चुकी है तथा 5.60 करोड़ मुफ्त लैब टेस्ट किए गए। उन्होंने कहा कि दयालु योजना के तहत 38 हजार 671 परिवारों को 1456 करोड़ रुपये की आर्थिक सहायता दी जा चुकी है। गरीब महिलाओं को अपनी रसोई चलाने के लिए हर महीने केवल 500 रुपये में गैस सिलेंडर दिया जा रहा है। यह लाभ प्रदेश के लगभग 14 लाख 70 हजार परिवारों को मिल रहा है। हरियाणा अंत्योदय परिवार परिवहन योजना (हैप्पी) के अंतर्गत नागरिकों को एक वर्ष में 1000 किलोमीटर तक मुफ्त यात्रा की सुविधा दी जा रही है।

### 509 ईडब्ल्यूएस लाभार्थियों को फ्लैटों का आवंटन कर सौंपी चाबी

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग आवास योजना के तहत जिला के 509 ईडब्ल्यूएस लाभार्थियों को फ्लैटों का आवंटन किया व 20 लोगों को मौके पर ही चाबी भी सौंपी। इनमें 16 घुमंतू जाति, 79 विधवा महिलाएं, 186 अनुसूचित जाति, 156 परिवार जिनकी वार्षिक आय एक लाख रूपये से कम है और 72 परिवार जिनकी वार्षिक आय एक लाख 40 हजार रूपये से कम है। इसके साथ ही 127 आवेदकों की प्रतिक्षा सूची भी जारी की गई। उन्होंने कहा कि मकान की मरम्मत के लिए अम्बेडकर आवास नवीनीकरण योजना के तहत गरीबी रेखा से नीचे जीवनयापन करने वाले अनुसूचित जाति के 76 हजार 985 लाभार्थियों को 416 करोड़ रुपये की राशि दी गई है। उन्होंने कहा कि गरीबों के सिर पर छत उपलब्ध करवाने के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 1 लाख 47 हजार मकान दिये गये हैं। गरीब परिवारों को मुख्यमंत्री आवास योजना शहरी के तहत 14 शहरों में 15 हजार 765 गरीब परिवारों प्लॉट दिए हैं।

### सोनीपत का अधिकारिक प्रतीक चिन्ह किया लॉन्च



इसके साथ ही मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने सोनीपत जिला का अधिकारिक प्रतीक चिन्ह (लोगो) भी जारी किया। यह लोगो शिक्षा विभाग के एपीसी रूपेन्द्र पूनिया के नेतृत्व में राजकीय स्कूलों के 20 बच्चों द्वारा तैयार किया गया है। इस लोगो में सोनीपत जिला के महाभारत कालीन इतिहास से लेकर खिलाड़ियों, मशरूम, गेहूं, चावल उत्पादन, ऑटो मोबाईल क्षेत्र, शिक्षण संस्थान व खेल विश्वविद्यालय, एशिया की सबसे बड़ी गन्नौर सब्जी मंडी, एनएच-44 व मुरथल के प्रसिद्ध ढाबे शामिल है।

---

अदालत ने एक-एक लाख का जुर्माना भी लगाया

# 12वीं के छात्र की चाकुओं से गोदकर हत्या करने के दोषियों को उम्रकैद

**सोनीपत।** 12वीं कक्षा के छात्र की चाकुओं से गोदकर हत्या करने वाले तीन लोगों को अदालत ने उम्रकैद की सजा सुनाई है। तीनों पर 1-1 लाख रुपये का जुर्माना भी किया गया है। जुर्मान न भरने की सूरत में छह माह अतिरिक्त सजा भुगतनी पड़ेगी। अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश सुभाष चंद्र सरोए की अदालत ने 2020 में गांव रहमाणा में हुए मामले में यह सजा सुनाई है। गांव रहमाणा निवासी प्रेम कश्यप ने 17 मार्च, 2020 को मोहाना थाना पुलिस को बताया था कि उनका बेटा अंकित (19) 12वीं कक्षा का छात्र था। वह परीक्षा देकर आने के बाद 16 मार्च, 2020 की शाम को घर से कुछ दूरी पर घूमने गया था। उनके बेटे ने देखा कि उनके चचेरे भाई अंकित कुमार के साथ गांव का रहने वाला रिंकू अपने दो दोस्तों गांव चटिया देवा निवासी प्रमोद व अनित के साथ मिलकर झगड़ा कर रहा था। इस पर उनके बेटे अंकित ने तीनों को झगड़ा करने से रोक दिया था। इस पर तीनों ने अंकित कुमार को छोड़कर उनके बेटे अंकित पर चाकुओं से कई वार कर दिए थे। हमले में बेटा घायल हो गया था। उसे निजी चिकित्सक के पास ले जाया गया था जहां से उसे मेडिकल कॉलेज अस्पताल खानपुर रेफर कर दिया गया था। उपचार के दौरान बेटे की मौत हो गई थी।

### अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश की अदालत का फैसला

पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया था। मामले में मोहाना थाना पुलिस ने तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया था। तत्कालीन थाना प्रभारी महिपाल की टीम ने हमलावरों से वारदात में प्रयुक्त हथियार बरामद कर लिए थे। मामले की सुनवाई के बाद एएसजे सुभाष चंद्र सरोए ने तीनों आरोपियों को दोषी करार दिया है। वीरवार को अदालत ने तीनों को उम्रकैद की सजा सुनाई है।



### *देवेंद्र को हिरासत में लेने पहुंची पुलिस, बहसबाजी*



***सोनीपत।*** *मुख्यमंत्री के कार्यक्रम से पहले आम आदमी पार्टी के पूर्व नेता देवेंद्र गौतम को हिरासत में लेने पहुंची पुलिस को लेकर विवाद हो गया। देवेंद्र गौतम ने पुलिस कर्मियों से सवाल पूछे कि बिना किसी कागजात के वे उन्हें कैसे हिरासत में ले सकते हैं। उन्होंने कहा कि क्या हरियाणा में सवाल पूछना अब अपराध है। जब जनता की आवाज उठाई जाती है तो सरकार मुझे आतंकवादी जैसा व्यवहार कंर गिरफ्तार करना चाहती है। क्या केवल इसलिए कि वे भ्रष्टाचार, मनमानी, अव्यवस्था और पुलिस तानाशाही की खिलाफत करते हैं। इस दौरान एक वीडियो भी बनाई गई, जोकि सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। जिसमें पुलिस कर्मियों और देवेंद्र गौतम के बीच बहस होती दिखाई दे रही है।*

---

टीडीआई में रेस्टोरेंट पर आया था काम मांगने, रात को पीछे वाले कमरे में रुका था

# काम की तलाश में आए युवक की गला रेतकर नृशंस हत्या, दो संदिग्ध फरार

सोनीपत। कुंडली टीडीआई सिटी रोड पर स्थित कैरी जंक्शन फैमिली रेस्टोरेंट के पीछे बने एक कमरे में सनसनीखेज वारदात को अंजाम दिया गया है। यहां काम की तलाश में बुधवार रात को आए एक युवक की गला रेतकर नृशंस हत्या कर दी गई। वारदात के बाद से ही कमरे में मौजूद दो अन्य युवक रहस्यमय ढंग से लापता हैं, जिन पर हत्या करने की प्राथमिक आशंका जताई गई है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है और फरार संदिग्धों का सुराग लगाने का प्रयास कर रही है। टीडीआई सिटी में रहने वाले लक्ष्य कैरी जंक्शन नाम से यह रेस्टोरेंट चलाते हैं। उन्होंने पुलिस को बताया कि बुधवार रात करीब नौ बजे एक युवक उनके रेस्टोरेंट में काम मांगने के लिए आया था। पूछताछ में युवक ने स्वयं को दिल्ली के नरेला का निवासी बताया था। रात अधिक हो जाने के कारण रेस्टोरेंट मालिक लक्ष्य ने उसे तत्काल काम देने के बजाय वीरवार को ट्रायल पर आने को कहा। तब तक आराम करने के लिए उसे रेस्टोरेंट के पीछे बने उस कमरे में भेज दिया गया, जहां पहले से ही दो अन्य युवक, दिल्ली के अलीपुर का आजाद और पानीपत का विशाल रह रहे थे। रात को कमरे में मौजूद आजाद और विशाल मौके से फरार हैं। पुलिस ने तत्काल दोनों की तलाश शुरू कर दी है और उन्हें हत्या के मुख्य आरोपित माना जा रहा है। उनकी अचानक गैरमौजूदगी इस ओर संकेत करती है कि वारदात को उन्होंने ही अंजाम दिया होगा।



### मृतक की पहचान हुई बलराम के रूप में

शुरुआती जांच में मृतक युवक के पास कोई पहचान संबंधी कागजात नहीं मिले थे, जिससे उसकी पहचान करना मुश्किल हो रहा था। पुलिस ने गहनता से प्रयास किए जिसके बाद शाम तक उसकी पहचान सुनिश्चित हुई। मृतक की पहचान उत्तर प्रदेश के जिला इटावा के जसवंत नगर निवासी बलराम (27) के रूप में हुई। कुंडली थाना पुलिस ने बलराम के परिजनों को इस हत्या की दुखद सूचना दे दी है। पुलिस ने मृतक का शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए नागरिक अस्पताल भिजवा दिया है, जिससे मृत्यु के कारणों और समय का स्पष्ट पता चल सके। पुलिस ने बताया कि बलराम के परिजनों के जिले में पहुंचने के बाद उनके बयान के आधार पर केस दर्ज किया जाएगा।

---

वीरवार को 8 किलोमीटर प्रतिघंटा की गति से चली हवाएं

प्रदूषण भी लोगों को तंग कर रहा, एक्यूआई 287 दर्ज किया गया

# सोनीपत प्रदेश में सबसे ज्यादा ठंडा, न्यूनतम तापमान 5 डिग्री पर, उत्तरी हवाओं ने कंपकंपाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

जिले में मौसम का मिजाज परिवर्तनशील बना हुआ है और ठंड ने अपना असर दिखाना शुरू कर दिया है। वीरवार को दर्ज किए गए न्यूनतम तापमान ने पिछले दिनों के रिकॉर्ड तोड़ दिए। वीरवार को न्यूनतम तापमान 5.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो पूरे प्रदेश में सबसे कम रहा। इससे एक दिन पहले न्यूनतम तापमान 7.1 डिग्री सेल्सियस था, यानी 24 घंटों के भीतर 2.1 डिग्री सेल्सियस की बड़ी गिरावट आई है। हालांकि यह तापमान सरगथल में नहर किनारे लगे यंत्र से दर्ज हुआ है। वहीं दूसरी ओर सोनीपत का एक्यूआई लगातार तीसरे दिन भी खराब की श्रेणी में बना हुआ है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार, वीरवार को अधिकतम तापमान 24.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य के आसपास बना हुआ है। वहीं, न्यूनतम तापमान 5.0 डिग्री सेल्सियस रहा। अधिकतम और न्यूनतम तापमान में लगभग 19 डिग्री सेल्सियस का बड़ा अंतर दर्ज किया जा रहा है, जिससे दिन में जहां धूप के कारण मौसम आरामदायक रहता है, वहीं सुबह और रात के समय कड़ाके की ठंड महसूस की जा रही है। वीरवार को 8 किलोमीटर प्रतिघंटा की गति से हवाएं चलती रहीं, जिसने ठंडक को और बढ़ा दिया। मैदानी इलाकों में बढ़ती ठंड पहाड़ों की ओर से आ रही उत्तरी बर्फीली हवाओं का संकेत है।

## आज और कल बादल छाए रहने का अनुमान

मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार, आगामी तीन दिनों में अधिकतम तापमान स्थिर रहने की संभावना है, लेकिन रात के तापमान में मामूली वृद्धि हो सकती है। हालांकि, आसमान में बादल छाए रहेंगे, जिससे दिन में धूप की तीव्रता कम हो सकती है। पूर्वानुमान के अनुसार, अगले कुछ दिनों में न्यूनतम तापमान 7 से 9 डिग्री सेल्सियस के बीच बना रहेगा, जो अभी भी सामान्य से कम है।

**शुक्रवार** : अधिकतम तापमान 24 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 7 डिग्री सेल्सियस रहने का अनुमान है। दिन में धूप खिली रहेगी, जबकि रात में आसमान में आंशिक रूप से बादल छाए रह सकते हैं।

**शनिवार** : अधिकतम तापमान 24 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 8 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने की संभावना है। आसमान में बादल छाए रहेंगे, जिससे दिन का मौसम ठंडा रह सकता है।

**रविवार** : अधिकतम तापमान 24 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 9 डिग्री सेल्सियस रह सकता है। इस दिन भी आसमान में बादल छाए रहने का पूर्वानुमान है, जिससे ठंडक बनी रहेगी।



### दो केंद्र, दोनों पर अलग अलग रीडिंग

सोनीपत में जगदीशपुर स्थित कृषि विज्ञान केंद्र और सरगथल में कैनाल रेस्टहाउस में तापमान मापने के यंत्र लगे हुए हैं। जगदीशपुर वाले केंद्र से अधिकतम तापमान 24.8 और सरगथल से 25.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। वहीं इन केंद्रों से न्यूनतम तापमान क्रमश 8.1 और 5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

### एक्यूआई लगातार तीसरे दिन भी खराब श्रेणी में

ठंड बढ़ने के साथ ही वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) भी चिंता का विषय बना हुआ है। लगातार तीसरे दिन एक्यूआई खराब श्रेणी में 287 दर्ज किया गया। वायु प्रदूषण का यह स्तर स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है, विशेष रूप से श्वसन तंत्र से जुड़ी बीमारियों वाले मरीजों के लिए। मौसम विशेषज्ञों ने नागरिकों को बढ़ते प्रदूषण और ठंड, दोनों से बचाव के उपाय करने की सलाह दी है।

---

# गोहाना में नकली घी की 35 पेटियां जब्त, आरोपी गिरफ्तार

**गोहाना।** थाना शहर गोहाना की पुलिस टीम ने नकली घी का कारोबार करने के आरोपित को भारी मात्रा में नकली घी के साथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित जींद में रोहतक रोड स्थित गुरुद्वारा कालोनी निवासी सुनील पुत्र प्रीतम है। वीटा मिल्क प्लांट जींद के गुणवत्ता नियंत्रक सहायक प्रबंधक बादल ने 10 दिसम्बर 2025 को थाना शहर गोहाना में शिकायत दी थी। प्रबंधक अफसर थाना शहर गोहाना से गुणवत्ता नियंत्रक सहायक प्रबंधक बादल के मोबाइल पर सूचना प्राप्त हुई कि एक व्यक्ति गाड़ी मे वीटा घी लेकर जीन्द से गोहाना की तरफ आएगा। पुलिस ने प्रबंधक बादल को कहा कि वे शीघ्र गोहाना पहुंचें।

उनकी हाजिरी में गाड़ी से घी की जांच की जाएगी। इसके बाद बादल प्रबंधक अपने स्टाफ के साथ गोहाना पहुंचा। पुलिस टीम ने गोहाना में जींद मार्ग पर महादेव रिजोर्ट के पास नाकाबंदी करके गाड़ी को रुकवाया।

### पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया अदालत ने न्यायिक हिरासत में भेजा



पुलिस ने गाड़ी से नकली घी की 35 पेटियां बरामद की। 10 पेटियों में प्रत्येक पेटी मे 15 लीटर व शेष 25 पेटियों मे प्रत्येक पेटी मे 12 लीटर नकली घी मिला, जिसका कुल वजन 450 लीटर था। पुलिस ने इस घटना का भारतीय न्याय संहिता की धाराओं व कॉपी राइट एक्ट-1957 के अन्तर्गत थाना शहर गोहाना में अभियोग दर्ज किया। थाना शहर गोहाना की अनुसंधान टीम में नियुक्त उप निरीक्षक गुलशन ने अपनी पुलिस टीम के साथ यह कार्रवाई की। पुलिस ने आरोपित सुनील पुत्र प्रीतम को न्यायालय में पेश करके उसके आदेश पर उसे न्यायिक हिरासत जेल भेज दिया।

अमेजिंग
शिखर चंद जैन

# ये हैं दुनिया के सुपर कोल्ड प्लेसेस

बच्चो, जाड़े के मौसम में जब टेंपरेचर 5-10 डिग्री सेल्सियस के आस-पास तक पहुंच जाता है तो हमें जोरों की ठंड लगने लगती है। जरा सोचो, अगर टेंपरेचर माइनस 80-90 डिग्री सेल्सियस तक गिर जाए, तो क्या होगा? सोचकर ही कंपकंपी छूट गई न! दुनिया की कुछ ऐसी ही जगहों के बारे में हम बता रहे हैं, जहां पड़ती है कड़ाके की ठंड।



## याकुत्स्क-साइबेरिया रूस



**रूस के** साइबेरिया में स्थित याकुत्स्क शहर दिसंबर के महीने में पूरी तरह से आइसक्रीम की तरह जम जाता है। इस महीने इस शहर का तापमान -31 से -41 डिग्री सेल्सियस के बीच पहुंच जाता है। यहां महज चार घंटे के लिए सूरज की रोशनी मिलती है। याकुत्स्क को दुनिया का सबसे कम तापमान वाले शहर का खिताब मिला हुआ है। 5 फरवरी 1891 को यहां अब तक का सबसे कम तापमान -64.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। याकुत्स्क में पर्माफ्रॉस्ट का अनुभव होता है। पर्माफ्रॉस्ट का मतलब ठंडे तापमान के कारण जमीन का स्थायी रूप से जम जाना होता है। इस शहर की कुल आबादी 3 लाख 55 हजार है। *



## पूर्वी अंटार्कटिक पठार अंटार्कटिका

**पूर्वी अंटार्कटिक** पठार, जिसे अंटार्कटिक पठार या किंग हाकोन सेवेन पठार भी कहा जाता है, पूर्वी अंटार्कटिका के लगभग दो-तिहाई हिस्से में फैला हुआ है। यह पृथ्वी पर सबसे ठंडा स्थान है। यहां अब तक का न्यूनतम तापमान -94.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। इसकी जलवायु अत्यधिक ठंडी और शुष्क है। यह एक विशाल महाद्वीपीय पठार है, जो लगभग 3,000 मीटर (9,800 फीट) की औसत ऊंचाई पर स्थित है। यह पठार एक मोटी, स्थाई बर्फ की चादर से ढंका हुआ है, जिसकी मोटाई कुछ जगहों पर साढ़े चार किलोमीटर तक हो सकती है। अत्यधिक ठंड के कारण यहां कोई जीव-जंतु नहीं पाए जाते हैं। यहां के कुछ तटीय क्षेत्रों को छोड़कर, वनस्पतियों के रूप में केवल लाइकेन और मॉस ही पाए जाते हैं। *



## वोस्तोक स्टेशन अंटार्कटिका

**वोस्तोक अनुसंधान** केंद्र की स्थापना सोवियत संघ (पूर्व में रूस और कुछ अन्य देशों का संघ) ने 1957 में की थी। दक्षिणी ध्रुव पर स्थित, दक्षिणी गोलार्ध के इस क्षेत्र में जुलाई 1983 में अब तक का न्यूनतम तापमान -89.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। यह पृथ्वी के सबसे शुष्क स्थानों में से एक है। यहां प्रति वर्ष लगभग 20 मिलीमीटर वर्षा होती है, लेकिन यहां पानी नहीं बर्फ बरसती है। *

## क्लिंक स्टेशन ग्रीनलैंड

**क्लिंक मौसम** केंद्र, आर्कटिक सर्कल का सबसे ठंडा स्थान है। मध्य ग्रीनलैंड में स्थित क्लिंक स्टेशन में साल 1991 के दिसंबर में -69.6 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया, जो ओम्याकॉन के पिछले रिकॉर्ड से -2 डिग्री सेल्सियस कम है। बच्चो, चिंता की बात यह है कि अत्यधिक ठंड के बावजूद, ग्लोबल वार्मिंग के कारण ग्रीनलैंड की अधिकांश बर्फ पिघल रही है। *





## ओम्याकॉन-साइबेरिया रूस

**आर्कटिक सर्कल** के उत्तरी ध्रुव पर स्थित ओम्याकॉन पृथ्वी पर सबसे ठंडा स्थाई रूप से बसा हुआ स्थान है। 1933 में यहां का न्यूनतम तापमान -67.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। यहां सर्दियों के दौरान औसत न्यूनतम तापमान लगभग -50 डिग्री सेल्सियस के आस-पास रहता है। 500 से कम आबादी वाले इस शहर में स्कूल केवल तभी बंद होते हैं, जब तापमान -55 डिग्री सेल्सियस से कम हो। यहां की अत्यधिक ठंड का एक कारण यह है कि यहां की पहाड़ियां ठंडी हवा को अंदर आने देती हैं और गर्म हवा को बाहर रखती हैं। इसके अतिरिक्त, दिन के समय यहां बहुत कम उजाला रहता है, जिससे तापमान और भी गिर जाता है। *

## एमंडसन-स्कॉट स्टेशन अंटार्कटिका

दक्षिणी ध्रुव पर स्थित, एमंडसन-स्कॉट स्टेशन 1956 में बनाया गया था। यहां गर्मियों में छह महीने धूप और सर्दियों में छह महीने पूरी तरह अंधकार



रहता है। पूर्वी अंटार्कटिक पठार के इस हिस्से में जून 1982 में सबसे कम तापमान -82.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। इस स्टेशन का औसत वार्षिक तापमान लगभग -49.4 डिग्री सेल्सियस के आस-पास रहता है। यह दुनिया के सबसे दक्षिणी अनुसंधान केंद्रों में से एक है, जो अंटार्कटिका के ठंडे वातावरण में वैज्ञानिक अनुसंधान के लिए एक महत्वपूर्ण केंद्र के रूप में कार्य करता है। यहां खगोल विज्ञान, भूकंप विज्ञान और जलवायु परिवर्तन जैसे विविध विषयों पर शोध किए जाते हैं। *

# न ही नीला, न ही गाय फिर क्यों कहते हैं नीलगाय?

बच्चो, नीलगाय का नाम सुनकर ऐसा लगता है जैसे, यह कोई ऐसी गाय होगी, जिसका रंग नीला होता होगा। या नीले रंग की गाय होती होगी। लेकिन ऐसा नहीं है! जानो, नीलगाय के बारे में कुछ बातें।



जीव जंतु
नयनतारा

बच्चो, नीलगाय एक ऐसा जानवर है, जिसका नाम उसके गुणों से मेल नहीं खाता। नीलगाय न तो नीला होता है और न ही यह गाय है। तो फिर इस पशु को नीलगाय क्यों कहते हैं? क्या हैं इसकी शारीरिक विशेषताएं, जानो।



**रंग अलग-रूप अलग:** नीलगाय के शारीरिक रंग की बात करें तो इसका रंग इसके नाम के अनुरूप नीला नहीं, बल्कि स्लेटी या धूसर होता है। दूसरी बात कि यह गाय जैसा नहीं बल्कि घोड़े की तरह दिखाई देता है। हालांकि यह घोड़े की तरह तेज नहीं दौड़ पाता। ऐसा इसलिए, क्योंकि नीलगाय का पिछला हिस्सा अगले हिस्से से कम ऊंचा होता है।

**नीलगाय नाम क्यों पड़ा:** बच्चो, तुम सोच रहे होगे कि कलर और शारीरिक संरचना में इतना अंतर होने के बावजूद इसका नाम 'नीलगाय' क्यों पड़ा? दरअसल, इसका स्लेटी या धूसर रंग दूर से देखने पर 'नीला' दिखाई देता है। रंग की बात समझने के बाद अब यह भी जान लो कि इसके नाम में 'गाय' क्यों जोड़ा गया? इसका कारण यह है कि मादा नीलगाय अपने भूरे रंग के कारण गाय की तरह दिखती है। इन्हीं दो कारणों से इसे नीलगाय कहा जाता है। वैसे वैज्ञानिक तौर पर इसे हिरण परिवार का सदस्य माना जाता है।

**क्या नीलगाय हिंसक होता है:** बच्चो, हर जीव-जंतु की अपनी एक विशेषता होती है। कुछ काफी खतरनाक होते हैं, तो कुछ का स्वभाव बेहद शांत होता है। नीलगाय की बात करें, तो यह आमतौर से शांत स्वभाव का पशु है। लेकिन इसे छेड़ने पर यह घोड़े की तरह दुलत्ती भी मार सकता है। वैसे, नीलगाय दूर से देखने में बहुत ही प्यारा लगता है। *

तुम्हारे लिए नई किताब / अनुराग मनींद्र

## बाल गीतों का मनभावन संग्रह

बच्चो, हाल ही में तुम्हारे लिए शिशु और बाल गीतों का एक प्यारा-सा संग्रह आया है, नाम है-कुहू। इसके रचनाकार हैं राजा चौरसिया। इस संग्रह में कुल 40 गीत संकलित हैं। इस संग्रह में गीतों का संकलन कुछ ऐसा है कि इसे पढ़-सुनकर हर उम्र के बच्चे को आनंद आएगा। इसमें अलग-अलग विषयों पर गीत हैं। 'कुहू', 'बंदर और बंदरिया', 'गोलू और गधा', 'तुलसी', 'भूमि की महिमा', 'ज्ञान और विज्ञान', 'ओ पापा!', 'मम्मी ने कहा', 'ओ मेरी नानी!', 'दादा जी', 'हम', 'होली आई रे!', 'उत्सवी उत्साह' जैसे गीत तुम्हें खूब भाएंगे। इनमें से कुछ में तुम्हें प्रकृति और पर्व-त्योहार की झलक मिलेगी। कुछ गीत तुम्हें प्यारी-सी सीख भी देंगे। संग्रह में 'कुहू' जैसे कुछ गीत बहुत ही छोटे हैं तो 'बचपन के दिन : ताक-धिनाधिन' जैसे थोड़े बड़े गीत भी हैं। इन गीतों को पढ़कर, गुनगुनाकर, अपने छोटे भाई-बहनों को सुनाकर तुम्हें बहुत मजा आएगा। इस संकलन में बाल गीतों के साथ उनसे मेल खाते सुंदर और मोहक चित्र भी छपे हैं। *




**किताब :** कुहू (शिशु एवं बाल गीत), **लेखक :** राजा चौरसिया,
**मूल्य :** 125 रुपए, **प्रकाशक :** पाथेय प्रकाशन, जबलपुर

## बूझो तो जानें



1. कांच के लेंस में मैं बैठा हूं
दूर को पास दिखाता हूं।
गगन, चंद्रमा,नक्षत्रों के
गुप्त रहस्य बताता हूं।

2. न जल हूं, न कोई धार
फिर भी बहती हर घर-बार।
चमक दिखाऊं, काम कराऊं
मुझसे चलें मशीन हजार।

3. आंखों को न दिखाई देती
रहूं रात-दिन सबके पास।
पेड़ों की पत्तियां हिलाती
मुझसे ही लेते सब श्वास।

- गौरीशंकर वैश्य विनम्र

उत्तर : 1.दूरबीन, 2.बिजली, 3.हवा



## जीके क्विज-183

1. वर्ष 2030 का कॉमनवेल्थ गेम्स भारत के किस राज्य में आयोजित किया जाएगा?
2. मध्यप्रदेश के वर्तमान राज्यपाल कौन हैं?
3. चींटियों के काटने से किस एसिड के कारण जलन होती है?
4. फिडे वर्ल्ड कप का संबंध किस खेल से है?
5. दुनिया में सबसे अधिक ज्वालामुखी (वॉल्केनो) वाला देश कौन-सा है?
6. एफिल टॉवर किस शहर में स्थित है?
7. स्वतंत्र भारत के प्रथम शिक्षा मंत्री कौन थे?
8. सुभाष चंद्र बोस को सबसे पहले 'नेताजी' किसने कहा था?
9. मिट्टी का अध्ययन क्या कहलाता है?
10. वायुमंडल में कौन-सी गैस सर्वाधिक पाई जाती है?



बच्चो, जीके क्विज-183 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें balbhoomihb@gmail.com पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-182 का उत्तर :** 1. गुरु तेग बहादुर, 2. लक्ष्य सेन, 3. आरिफ मोहम्मद खान, 4.तिरुवनंतपुरम, 5. हरिवंश राय बच्चन, 6.प्रोपेन और ब्यूटेन, 7.विटामिन-डी, 8.नेपाल, 9.ऑस्ट्रेलिया, 10.सहारा


**जीके क्विज-182 का सही उत्तर देने वाले :** कबीर-हिसार, ओमदेव-मुंगेली, शुभम-बलौदा बाजार, गुंजा-रायपुर, ज्योति-बैकुंठपुर, कनिका-रायपुर, अमन-दुर्ग, विकास-रोहतक, कार्तिक-महासमुंद, प्रवीण-बिलासपुर, रजत-भोपाल



कहानी
अंजना मनोज गर्ग

ठिठुरती सर्दी में गोलू रजाई में मुंह ढंके लेटा था। उसका स्कूल जाने का जरा भी मन नहीं था। तभी उसे लगा, उसकी रजाई उससे स्कूल जाने के लिए बोल रही है। गोलू को आश्चर्य हुआ कि रजाई बोल भी सकती है! क्या रजाई सचमुच गोलू से कुछ बोल रही थी, कोई सीख दे रही थी? पढ़ो, मजेदार कहानी।

## रजाई की सीख



सुबह के सात बज गए थे। गोलू था कि रजाई में से निकलने का नाम ही नहीं ले रहा था। मम्मी, रसोई में खाना बनाते हुए उसे जगाने के लिए बार-बार आवाज लगा रही थीं, लेकिन उसका रजाई से बाहर निकलने का मन नहीं हो रहा था। बाहर बहुत तेज सर्दी थी। उसके लिए स्कूल जाना और भी कठिन था।

'मम्मी अभी आएंगी, मीठी-मीठी बातें करेंगी और झट से रजाई हटाकर मुझे तैयार करके स्कूल भेज देंगी। उफ! इतनी सर्दी है, मैं स्कूल नहीं जाऊंगा।' गोलू रजाई के भीतर मन ही मन बुदबुदाया।

'क्या बुदबुदा रहे हो गोलू?' एक आवाज आई।

'हुं..ह.. कौन!' एकदम से आई आवाज से गोलू चौंका। उसने रजाई से सिर बाहर निकाल कर देखा, बाहर कोई नहीं था।

'अरे! बाहर क्या देख रहे हो गोलू? मैं यहां तुम्हारी रजाई बोल रही हूं।' हंसती हुई रजाई कुछ फैल गई।

गोलू सकपकाया, धीमे से बोला, 'तुम बोलती भी हो!'

'हां, मुझे बोलना पड़ता है, जब गोलू जैसे बच्चे मेरा गलत फायदा उठाते हैं।' रजाई प्यार से बोली।

'अरे, मैंने क्या गलत फायदा उठाया तुम्हारा?' गोलू ने चिढ़ते हुए रजाई से पूछा। 'देखो तो दिन चढ़ आया है। तुम्हारे स्कूल जाने का समय भी हो रहा है। तुम्हारी मम्मी तुम्हें जगाने के लिए कितनी देर से आवाज लगा रही हैं, लेकिन तुम हो कि मुझे छोड़ना ही नहीं चाहते हो।' रजाई बोली।

'सर्दी कितनी तेज है, ऐसे में स्कूल कैसे जाऊं? तुम्हीं बताओ रजाई।' गोलू ने अपनी बात रखी।

'ओह तो ये बात है! अच्छा गोलू, एक बात बताओ, अगर मम्मी भी सर्दी में मुझमें दुबकी रहें, पापा भी ऑफिस न जाएं और दूध वाला, सब्जी वाला, अखबार वाला और भी सभी लोग मुझमें यह सोचकर दुबके रहें-भई सर्दी बहुत ज्यादा है, हम कोई काम नहीं करेंगे, फिर?' रजाई ने गोलू से सवाल किया।

'अरे! रजाई, अगर मम्मी खाना नहीं बनाएंगी तो मैं, छोटी, पापा सब भूखे रह जाएंगे न।' नन्हे गोलू का ध्यान किसी में नहीं बस मम्मी पर ही अटका था।

गोलू की इस मासूमियत पर रजाई जोर से हंस पड़ी, उसने पूछा, 'और बाकी सब?'

'वो तो उनके अपने काम हैं, उनको तो करने ही हैं। लेकिन मैं तो अभी छोटा हूं न!' गोलू मुंह बना कर बोला।

'छोटे हो, तभी तो तुम्हें केवल एक ही काम करना है, स्कूल जाकर पढ़ाई। बाकी सारे काम तुम्हारे मम्मी-पापा कर ही रहे हैं।' रजाई ने गोलू से कहा।

'हां! अब मैं समझ गया, रजाई।' सिर झुकाए-झुकाए गोलू बोला।

'क्या समझे?' रजाई ने मुस्कुराते हुए जानना चाहा।

'यही कि मुझे रोजाना समय पर तैयार होकर स्कूल जाना चाहिए, चाहे कितनी ही सर्दी हो।' गोलू उत्साह से बोला।

'हां, वेरी गुड! तो अब पहला काम तुम्हें क्या करना है?' रजाई ने गोलू का मन टटोला।

गोलू तुरंत बोला, 'मुझे अभी आपको छोड़कर स्कूल जाना होगा, लेकिन इतनी सर्दी...!'

'तो मैं हूं ना, जब तुम स्कूल से आओगे तो मैं अपनी गर्म-गर्म गोद में तुम्हें फिर से समेट लूंगी, मेरे प्यारे गोलू।' गोलू की बात पूरी होने से पहले ही रजाई बोल पड़ी।

तभी गोलू ने जैसे ही रजाई से सिर निकाला तो पाया कि मम्मी उसे जगा ही रही हैं।

'ओह, तो यह मैं सपना देख रहा था! लेकिन कुछ भी हो, रजाई ने सीख अच्छी दी।' गोलू मन ही मन बोला।

गोलू स्कूल के लिए तैयार हुआ तो बेड पर तह बनी रजाई उसे दिखाई दी। उसे लगा, स्कूल के लिए तैयार होते देखकर रजाई मुस्कुरा रही है। *

कविता
मीरा सिंह 'मीरा'



## लाल परी

सपने में मिलने आई कल
प्यारी एक परी।
सुंदर-सुंदर पंखों वाली
लेकर हाथ छड़ी।।
पूछा मैंने नाम बताओ
बोली लाल परी।
लाल रंग के कपड़े पहनी
आंखें बड़ी-बड़ी।।
कानों में हंसकर वह बोली
बाहर तो निकलो।
परी लोक की सैर कराऊं
तुम भी साथ चलो।।
उड़ती-उड़ती जा पहुंची कल
परी लोक सच में।
पेड़ लगे थे चॉकलेट के
बागों में कितने।।

## रंग भरो-191

**रंग भरो-191** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।




आन्या, दुर्ग


आशना, जांजगीर


अनन्या, महासमुंद


अंकित, धमतरी



अवनी, रायपुर


पयोनिधि, अंबिकापुर

### इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय

डॉली-दुर्ग, प्रियंका-रायपुर, रितेश-मटियारी, डॉली-मटियारी, समृद्धि-शहडोल, नीरज-महासमुंद, यश-रायगढ़, खुशी-भिवानी, चंपक-जांजगीर, सोनम-कटनी, हितेश-दिल्ली, राकेश-धमतरी, अंकित-गुना, अंकुश-करनाल, तुषार-बिलासपुर, हर्षिता-कोरबा

## रंग भरो 192



बच्चो, यहां अपने क्यूट-से टेडी बियर को गोद में लेकर बैठी एक लड़की का प्यारा-सा ब्लैक एंड व्हाइट चित्र दिया गया है। तुम इस चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक - फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली- 110035 या ई-मेल आईडी balbhoomihb@gmail.com पर मेल करो।

## विधायक मदान और मेयर राजीव जैन ने तोड़ा नारियल

# 4.24 करोड़ के विकास कार्यों का किया शुभारंभ

वार्ड नंबर 14 में लक्ष्मण कॉलोनी की 3 गली इंटरलॉकिंग टाइल से की जाएगी पक्की

राठधना रोड तक सड़क को मास्टिक से पक्का किया जाएगा


सोनीपत। विकास कार्यों का शुभारंभ करते हुए विधायक, मेयर एवं अन्य। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

विधायक निखिल मदान और मेयर राजीव जैन वीरवार को वार्ड नं 14 के राजीव नगर में पहुंचे। जहां उन्होंने वार्ड में नगर निगम द्वारा करवाए जा रहे विकास कार्यों का नारियल तोड़कर शुभारंभ किया। इस अवसर पर विधायक निखिल मदान ने बताया कि वार्ड नंबर 14 में लक्ष्मण कॉलोनी अंडरपास राजीव नगर से लेकर उत्तम नगर से होते हुए राठधना रोड तक सड़क को मास्टिक से पक्का किया जाएगा। इसके साथ ही होली चाइल्ड स्कूल वाली मुख्य गली को सीसी से पक्का किया जाएगा। इसके अतिरिक्त खाटू श्याम मंदिर से लेकर कालूपुर चुंगी तक और कालूपुर चुंगी से दादा मोहन दास मंदिर तक सड़क के दोनों तरफ इंटरलॉकिंग टाइल लगाकर सड़क को पक्का किया जाएगा। साथ ही वार्ड नंबर 14 में लक्ष्मण कॉलोनी की तीन गलियों को इंटरलॉकिंग टाइल से पक्का किया जाएगा। इसके बाद विधायक निखिल मदान और मेयर राजीव जैन आईटीआई चौक पर पहुंचे और निगम पार्षद संगीता देवेंद्र सैनी के साथ विकास कार्यों का शुभारंभ किया।

**ये रहे मौजूद**

इस अवसर पर सीनियर डिप्टी मेयर राजीव सरोहा, निगम पार्षद सूर्या दहिया, निगम पार्षद संगीता सैनी, देवेंद्र सैनी, मनोनीत पार्षद चरण सिंह जोगी, राहुल छिक्कारा, प्रवीण सिसोदिया, सुनीता, प्रिंस सरोहा, रमापति उपाध्याय, कलीराम, सुरेश गौड, नकीन मेहरा, शैलेन्द्र तोमर आदि लोग मौजूद रहे।

**नई पेयजल पाइपलाइन बिछाई जाएगी**

मेयर राजीव जैन ने बताया कि आईटीआई वाटर बूस्टर से राठधना रोड पर सिंचाई विभाग तक पीने की पानी की नई पाइप लाइन बिछाई जाएगी। इसमें 72 लाख रुपये की लागत आएगी और नगर निगम द्वारा इस कार्य को पूरा किया जाएगा। मेयर राजीव जैन ने बताया कि आज वार्ड नंबर 14 में सीसी, मास्टिक से गलियों का निर्माण और इंटरलॉकिंग टाइलों से सड़कों को पक्का करने के विभिन्न कार्यों का शुभारंभ किया गया है।


खरखौदा। वेतन न मिलने पर रोष जताते सफाई कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

# खरखौदाः वेतन न मिलने के कारण सफाई कर्मचारी दूसरे दिन भी काम पर नहीं लौटे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरखौदा

नगर पालिका के सफाई कर्मचारी वेतन न मिलने के कारण हड़ताल पर हैं। सफाई कर्मचारी शंकर, आशीष, कुलदीप, नीरज, सुमित, सन्नी, संदीप, रवि, राकेश, सुमित, विश्वजीत, लखन, सोनू ,अशोक, राहुल आदि का कहना है कि नगर पालिका में सफाई व्यवस्था करने के लिए 4 महीने का टेंडर छोड़ा जा रहा है। जब टेंडर छोड़ा गया था तो सभी सफाई कर्मचारियों को वेतन के तौर पर 13 हजार रूपए ठेकेदार अंकुश द्वारा देने की बात कही गई थी। परंतु अब कर्मचारियों को पूरा वेतन न देकर 10 हजार एक सौ रूपए देने की बात कर रहे हैं। उनका कहना है कि जब बात 13000 रुपए की हुई थी तो अब इतने रुपए कम क्यों दिए जा रहे हैं। जिसका जवाब ना ठेकेदार द्वारा दिया जा रहा है और ना ही नगर पालिका के कर्मचारियों द्वारा। कर्मचारी कह रहे हैं कि पूरा महीना शहर की सफाई करते हैं फिर उन्हें समय पर वेतन नहीं दिया जाता। वेतन देने के लिए ठेकेदार से बात कहते हैं तो जवाब मिलता है कि नगर पालिका से पेमेंट नहीं आई है। पैसे आएंगे तो आप लोगों को मिल जाएंगे। पिछले महीने का वेतन अभी तक नहीं दिया गया है। भुक्तभोगी बताते हैं कि वेतन नहीं मिलने के कारण उनके बच्चों की पढ़ाई लिखाई व घर का खर्च नहीं चल पा रहा है। उन्होंने दोहराया है कि जब तक वेतन नहीं दिया जाएगा, वो काम पर नहीं लौटेंगे।

**जगह-जगह लगे कूड़े के ढेर**

नगर पालिका के सफाई कर्मचारियों की हड़ताल पर होने के कारण शहर में जगह - जगह मुख्य मार्ग व गलियों में कूड़े के ढेर लग गए हैं। जिससे आम नागरिकों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

# टीकाराम गर्ल्स कॉलेज ने जीता गोल्ड मेडल

- तमिलनाडु में ऑल इंडिया ए ग्रेड टूर्नामेंट का किया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत


सोनीपत। विजेता खिलाड़ियों के साथ प्राचार्या एवं अन्य। फोटो : हरिभूमि

तमिलनाडु में आयोजित ऑल इंडिया ए ग्रेड टूर्नामेंट में टीकाराम गर्ल्स कॉलेज की छात्राओं ने गोल्ड मेडल हासिल कर राज्य व कॉलेज का नाम रोशन किया। कॉलेज प्राचार्या गीता ने छात्राओं के कॉलेज पहुंचने पर बधाई दी। शारीरिक शिक्षा विभाग की अध्यापिका डॉ. सुमन मान ने बताया कि यह प्रतियोगिता 28 से 30 नवंबर तक तमिलनाडु में आयोजित की गई थी। जिसमें कॉलेज की तीनो छात्राओं मीरा, प्रियंका, तन्नु ने मदवि की तरफ से खेलकर प्रथम स्थान हासिल किया। इस प्रतियोगिता में बेस्ट ऑल राउंडर में मीरा को एलईडी तथा तीनो खिलाड़ियों को 35-35 हजार की धनराशि से सम्मानित किया गया। मीरा को तमिलनाडु की स्पोर्ट्स डायरेक्टर द्वारा ओवरऑल टूर्नामेंट में सर्वश्रेष्ठ अनुशासन के लिए सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अध्यापिका कंचन, डॉ. हेमलता, हेड क्लर्क अनीता राठी, डॉ. अल्का, सविता कुहाड़ ने भी छात्राओं को बधाई दी। टीकाराम शिक्षा समिति के प्रधान सुरेंद्र सिंह दहिया ने भी छात्राओं को आशीर्वाद देते हुए भविष्य में और अच्छा प्रदर्शन करने की कामना की।

## मुख्यमंत्री के कार्यक्रम से पहले जिला पार्षद को हिरासत में लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

जिला पार्षद संजय बड़वासनिया को मुख्यमंत्री के कार्यक्रम से पहले उसके आवास से पुलिस ने हिरासत में लिया। जिला पार्षद संजय बड़वासनिया ने कहा कि यह लोकतंत्र का हनन है। भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश सरकार जानबूझकर परेशान कर रही है। आम लोगों के हित के लिए हमारा संघर्ष आगे भी जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि ठेका प्रथा के खिलाफ और जिस तरीके से कर्मचारियों का शोषण हो रहा है। उसके खिलाफ लड़ाई जारी रहेगी।

# निबंध प्रतियोगिता में ईशा-दीक्षा ने मारी बाजी

- नशा-मुक्ति के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरखौदा



खरखौदा। प्रतियोगिता में भाग लेती छात्राएं तथा विजेता छात्राएं मार्गदर्शक शिक्षकों के साथ। फोटो : हरिभूमि

कन्या महाविद्यालय, खरखौदा में प्राचार्या डॉ. तराना नेगी के मार्गदर्शन तथा डॉ. दिनेश की अध्यक्षता में नशा-मुक्ति के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से निबंध लेखन प्रतियोगिता आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन नार्को कमेटी की प्रभारी डॉ. शालिनी, सदस्य डॉ. सारिका और प्रीति के नेतृत्व में किया गया। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य छात्राओं में नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूकता विकसित करना और नशा-मुक्त समाज के निर्माण में युवाओं की सक्रिय भूमिका सुनिश्चित करना था। प्रतियोगिता में "नशा-मुक्त हरियाणा", "युवा शक्ति और नशा मुक्ति", "स्वस्थ समाज की नींव—नशामुक्ति" जैसे विषयों पर निबंध प्रस्तुत किए। प्रतियोगिता में 25 छात्राओं ने भाग लिया। बीए द्वितीय वर्ष से ईशा व दीक्षा ने प्रथम , बीकॉम द्वितीय वर्ष से मीनू व एसएनपीटी द्वितीय वर्ष से तन्नू ने द्वितीय, बी.कॉम. द्वितीय वर्ष से मोनी और एसनपीटी से शुभम तृतीय स्थान पर रहीं।

**लेखन कौशल विकसित**

डॉ. दिनेश ने छात्राओं के उत्साह और प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से विद्यार्थियों में न केवल लेखन कौशल विकसित होता है, बल्कि सामाजिक चेतना भी प्रबल होती है।


सोनीपत। साउथ पॉइंट लॉ कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में मौजूद पदाधिकारी विद्यार्थियों को जागरूक करते हुए। फोटो : हरिभूमि

# छात्रों को नशा मुक्त समाज के संकल्प के लिए किया प्रेरित

- साउथ पॉइंट लॉ कॉलेज में एंटी-ड्रग जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

नशा मुक्त हरियाणा मिशन के अंतर्गत जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, सोनीपत के दिशा-निर्देशानुसार साउथ पॉइंट लॉ कॉलेज में एंटी-ड्रग जागरूकता एवं निवारण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिला कोर्ट से एडवोकेट अश्विनी ने विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभावों, इससे जुड़े कानूनी प्रावधानों और समाज में जागरूकता फैलाने के तरीकों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। कार्यक्रम में साउथ पॉइंट ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के वरिष्ठ पदाधिकारियों ने भी छात्रों को नशा मुक्त समाज के संकल्प के लिए प्रेरित किया। साउथ पॉइंट ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के चेयरमैन दिलबाग सिंह खत्री ने कहा कि युवा पीढ़ी हमारा भविष्य है। नशे से दूर रहकर ही वे अपने लक्ष्य हासिल कर सकते हैं। हमारा संस्थान हमेशा ऐसे अभियानों में अग्रणी भूमिका निभाएगा। एग्जीक्यूटिव चेयरमैन रोहित खत्री ने कहा कि नशा सिर्फ व्यक्ति को नहीं, परिवार और समाज को भी प्रभावित करता है। ऐसे जागरूकता कार्यक्रम युवाओं को सही दिशा देने का महत्वपूर्ण माध्यम हैं।

# नुक्कड़ नाटक से बताया साइबर सुरक्षा का महत्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत



सोनीपत। नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत करते ज्ञान गंगा ग्लोबल स्कूल के बाल कलाकार।

ज्ञान गंगा ग्लोबल स्कूल (जी-3) में आयोजित इंटर हाउस नुक्कड़ नाटक प्रतियोगिता के दौरान लेपर्ड हाउस के बाल कलाकारों ने दैनिक जीवन में साइबर सुरक्षा और जागरूकता के महत्व को दर्शा कर विजेता बनने का गौरव हासिल किया। बच्चों ने यह बताया कि डिजिटल सुरक्षा के प्रति अनभिज्ञता हमारे जीवन को किस प्रकार नकारात्मक रूप से प्रभावित करती है। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से बढते साइबर अपराध व ऑनलाइन ठगी के तरीकों से बचने और सतर्क रहने का संदेश दिया गया। नुक्कड़ नाटक के पात्रों ने मनमोहक प्रस्तुति देकर दर्शकों का दिल जीता और खूब वाहवाही लूटी। लेपर्ड हाउस की तरफ से आर्यन, वनिशा, पर्व, जानवी, अनिष्का, सिद्धि, देवांग व हर्ष ने अपने शानदार व भावपूर्ण अभिनय से सभी को प्रभावित किया। प्राचार्या गीता चोपड़ा व उप प्राचार्या रूना दास ने विजेता टीम को ट्रॉफी प्रदान कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर कोऑर्डिनेटर नीरजा, महक व गीता राणा, निशा, रितु सिंह, श्वेता, नमिता, मधु, ज्योति, सोनिया मदान, निशा, सीमा रानी, रेखा, पारुल, कावेरी, मीनू, अर्चना, सुषमा, आहुति, स्वाति, सरिता, मनीष, खेल इंचार्ज संजीत, पीटीआई राखी आदि मौजूद रहे।



खरखौदा। अन्य पदक विजेताओं के साथ स्वर्ण पदक को दिखलाते हुए कविता रानी

## छठी पैरा नेशनल शूटिंग प्रतियोगिता में कविता रानी ने कब्जाए दो पदक

**खरखौदा।** छठी पैरा नेशनल शूटिंग प्रतियोगिता में कविता रानी ने एक गोल्ड मेडल और एक ब्रॉन्ज मेडल जीता है। साथ ही टीम इंडिया की ट्रायल के लिए भी क्वालीफाई किया है। उक्त प्रतियोगिता 5 से 10 दिसंबर तक दिल्ली के कर्णी सिंह शूटिंग रेंज में पैरा राइफल एसोसिएशन द्वारा आयोजित की गई थी। इस उपलब्धि से कविता रानी ने अपने साथ साथ अपनी सुसराल खरखौदा उपमंडल के गांव पीपली को भी गौरवान्वित किया है। सनद रहे कि कविता रानी अन्तर्राष्ट्रीय खिलाडी हैं और वर्तमान में पीजीआई रोहतक में कार्यरत हैं। कविता 90 प्रतिशत दिव्यांग होने के कारण व्हीलचेयर पर रहने को बाध्य हैं। उसके पति भी दिव्यांग हैं। इसके बावजूद उसने अपनी दिव्यांगता को अपने ऊपर हावी नहीं होने दिया और एक गृहणी, दो बच्चों की माँ व खिलाड़ी की जिम्मेदारी बखूबी निभा रही हैं। कविता रानी का सपना ओलम्पिक में पदक हासिल करना है।

# देश की राजनीति में नए आयाम स्थापित करेगी 14 को होने वाली रैली : नरवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

बरोदा विधानसभा के कांग्रेस विधायक इंदुराज नरवाल ने कहा कि 14 दिसंबर को दिल्ली के रामलीला मैदान में आयोजित होने वाली वोट चोरी गद्दी छोड़ कांग्रेस रैली न केवल हरियाणा अपितु पूरे देश की राजनीति में नए स्थापित करेगी। वे गुरुवार को गोहाना में बरोदा रोड स्थित कांग्रेस बरोदा हलका विधानसभा कार्यालय में रैली की तैयारी बैठक में कार्यकर्ताओं को संबोधित कर रहे थे। विधायक ने कहा कि विकास को लेकर भाजपा की खोखली राजनीति से देश की जनता उब चुकी है। अब देश की जनता भाजपा को किनारे करके देश की राजनीति में बदलाव चाहती है। इस रैली को लेकर न केवल कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं अपितु जनसामान्य में भी भारी जोश है। रैली में बरोदा विधानसभा से भारी तादाद में लोग पहुंचकर पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा और सांसद दीपेंद्र हुड्डा के हाथों को मजबूत करने का काम करेंगे।

**ये रहे मौजूद**

इस जिलास्तरीय बैठक में संजीव दहिया, शौर्यवीर कादयान, रघुबीर सहरावत, रवि इंदौरा, जगशेर नूरनखेड़ा, सतपाल धानक, सोनू जसराना, सुनील कुंडू, बिट्टू मलिक, मनीष सहरावत, सरपंच नरेंद्र गंगाना, सरपंच सन्नी मलिक, सरपंच चांद नरवाल सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## अंत्योदय मेले में छात्रों ने किया भ्रमण

**सोनीपत।** सुभाष स्टेडियम में प्रदेश सरकार द्वारा लगाए गए अंत्योदय मेले में ऋषिकुल विद्यापीठ गोहाना रोड के विद्यार्थियों ने भ्रमण किया। विभिन्न प्रदर्शनियों के माध्यम से विद्यार्थियों को बहुत कुछ सीखने को मिला। विभिन्न विभागों के अधिकारी लोगों की समस्याओं का समाधान कर रहे थे। बच्चों ने मुख्यमंत्री के भाषण को सुना और विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी प्राप्त की।

**बैठक** पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्कर यूनियन ने किया बैठक का आयोजन

# एचकेआरएन के तहत हटाए गए कर्मियों को नियुक्त किया जाए

यूनियन के पदाधिकारियों ने प्रदेश सरकार की कर्मचारी विरोधी नीतियों की कड़ी आलोचना की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत


सोनीपत। बैठक के दौरान यूनियन के पदाधिकारी एवं सदस्यगण। फोटो : हरिभूमि

हरियाणा गवर्नमेंट पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्कर यूनियन की एक महत्वपूर्ण बैठक यूनियन कार्यालय में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता ब्रांच प्रधान आंनद हुड्डा ने की, जबकि संचालन सचिव जयवीर कोहाड़ ने किया। बैठक में यूनियन के जिला प्रधान व राज्य के कोषाध्यक्ष राहुल हुड्डा, उपमहासचिव राजेश धनखड़, ओमप्रकाश मलिक, जिला प्रधान देशराज नैन, जिला कोषाध्यक्ष प्रदीप नैन शामिल हुए। बैठक के दौरान यूनियन के पदाधिकारी ने प्रदेश सरकार की कर्मचारी विरोधी नीतियों की कड़ी आलोचना की। उन्होंने विशेष रूप से विभागों में लागू की जा रही रेशनलाइजेशन नीति को कर्मचारियों के भविष्य के लिए घातक बताया। जिला प्रधान देशराज नैन ने कहा कि इस नीति के तहत विभागों में पदों को समाप्त किया जा रहा है, पब्लिक हैल्थ में बेलदार डब्लूपीओ आदि तमाम पदों को समाप्त कर दिया। जिससे न केवल वर्तमान कर्मचारियों का भविष्य असुरक्षित हो रहा है, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए स्थाई रोजगार की संभावनाएं भी समाप्त होती जा रही हैं। यूनियन ने स्पष्ट किया कि वे इस नीति को किसी भी हाल में स्वीकार नहीं करेंगे। इसके साथ ही उन्होंने मांग करते हुए कहा कि रेशनलाइजेशन नीति को तुरंत वापस लिया जाए, विभाग को कम करने की प्रक्रिया पर रोक लगाई जाए, कच्चे कर्मचारियों को स्थायी किया जाए, एचकेआरएन के तहत हटाए गए कर्मचारियों को पुनः नियुक्त किया जाए, वर्ष 2020-23 की बकाया एलटीसी सुविधा का भुगतान किया जाए, वेतन विसंगतियों को दूर किया जाए।

**ये रहे मौजूद**

रामकुमार, नवीन कौशिक, नफीस अली, मनू राम, नरेश, मूलक सिंह, राज, दीपक, मंजीत, कृष्ण अत्री आदि उपस्थित रहे।

# दयानंद सदन की टीम ने मारी बाजी दूसरा स्थान चाणक्य की टीम ने पाया

- अतिथियों ने विद्यार्थियों को खेल की भावना के साथ खेलने का संदेश दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना


गोहाना। प्रतियोगिताओं में विजेता घोषित विद्यार्थी अपने गुरुजनों के साथ। फोटो : हरिभूमि

गीता विद्या मंदिर, गोहाना के वार्षिक खेलोत्सव में गुरुवार को खो-खो प्रतियोगिता में दयानंद सदन की टीम को अव्वल घोषित किया गया। प्रतियोगिता में चाणक्य सदन की टीम द्वितीय और विवेकानंद सदन की टीम तृतीय स्थान पर रही। विद्यार्थियों ने खो-खो के अलावा अन्य खेल प्रतियोगिताओं में भी अपनी खेल प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

मुख्य अतिथि विद्यालय के पूर्व छात्र रमन गुप्ता एवं कीर्ति वशिष्ठ थे। अध्यक्षता विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष डॉ. मनोज शर्मा ने की। संयोजन प्राचार्य अश्विनी कुमार का रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन व सरस्वती वंदना के साथ हुआ। विद्यार्थियों ने वार्षिकोत्सव में 100 मीटर, 200 मीटर, 600 मीटर और 100 गुणा 4 रिले दौड़ सहित तीन टंगी दौड़, बोरी रेस और शॉटपुट प्रतियोगिता में भी अपनी खेल प्रतिभा का दम दिखाया। विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष एडवोकेट तिलकराज रेल्हन ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

## खबर संक्षेप



गन्नौर। बैठक के दौरान उपस्थित भारतीय किसान यूनियन (अ) के पदाधिकारी। फोटो : हरिभूमि

### भाकियू की बैठक में किसानों व आम लोगों की समस्याओं पर चर्चा

**गन्नौर।** भारतीय किसान यूनियन (अ) की मासिक बैठक खेड़ी रोड स्थित जाट धर्मशाला में हुई। बैठक में किसानों व आम लोगों की समस्याओं पर चर्चा की गई और प्रशासन से उनके समाधान की मांग की। जिलाध्यक्ष जयभगवान मलिक ने बताया कि लल्हेड़ी गांव में बिजली के पोलों पर लगे करीब 18 मीटर जल गए हैं, जिसे बदला नहीं जा रहा। ऐसे में उपभोक्ताओं को काफी परेशानी हो रही है। उन्हें बदला जाना चाहिए। अर्जुनपुरी वार्ड 6 में सीवर लाइन बंद है, जिससे वहां जलभराव रहता है। प्रणामी मंदिर वाली गली में आना-जाना भी बुरी तरह से प्रभावित हो चुका है। सीवर लाइन चालू कर निकासी व्यवस्था सुदृढ की जानी चाहिए। शहर में आवार पशुओं ने आतंक मचा रखा है। इनसे शहर के लोगों के साथ-साथ किसान भी परेशान हैं। नगरपालिका को इन्हें जल्द से जल्द पकड़वाया जाना चाहिए।

### कुश गुलिया ने नेशनल स्कूल गेम्स में जीता रजत

**गन्नौर।** पुरखास गांव के उभरते युवा पहलवान कुश गुलिया ने उत्तर प्रदेश के बलिया में आयोजित 69वीं नेशनल स्कूल गेम्स अंडर-17 कुश्ती प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए रजत पदक अपने नाम किया। उन्होंने न केवल गांव और गन्नौर बल्कि पूरे हरियाणा का मान बढ़ाया है। प्रतियोगिता में उन्होंने उत्तराखंड, मध्य प्रदेश और पंजाब के दिग्गज पहलवानों को हराकर फाइनल में प्रवेश किया और अंतिम मुकाबले में कड़े संघर्ष के बाद वे रजत पदक जीतने में सफल रहे। कुश गुलिया अपने पिता व विश्व-प्रसिद्ध पहलवान रह चुके रमेश गुलिया के मार्गदर्शन में लगातार उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं। रमेश गुलिया सबसे कम उम्र में अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित होने वाले पहलवान हैं।



गुरुवार सुबह चौथे दिन भी जारी रही चिकित्सकों की हड़ताल, देर रात स्वास्थ्य मंत्री आरती राव के साथ बैठक में बनी सहमति

# डॉक्टरों की हड़ताल खत्म आज से करेंगे इलाज

## चिकित्सकों की हड़ताल के कारण मरीजों को इलाज के लिए भटकना पड़ा





सोनीपत। नागरिक अस्पताल में जांच केंद्र के बाहर मरीजों की भीड़ तथा अस्पताल में बंद पड़े विशेषज्ञ चिकित्सकों के कमरे। फोटो : हरिभूमि

- हड़ताल के चलते कई छोटे और बड़े ऑपरेशन टाल दिए गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी (एसएमओ) की सीधी भर्ती को लेकर शुरू हुआ विवाद अब एक गंभीर संकट में बदल गया है। डाक्टरों की हड़ताल लगातार चौथे दिन भी जारी रहने से जिले भर के सरकारी अस्पतालों में स्वास्थ्य सेवाएं पूरी तरह से चरमरा गई हैं। इस व्यापक हड़ताल का सबसे गहरा असर सर्जरी, अल्ट्रासाउंड, एक्सरे और लैब जैसी महत्वपूर्ण सेवाओं पर दिखाई दे रहा है। सरकारी अस्पतालों में इलाज न मिलने से मरीज दिनभर परिसर के चक्कर लगाने को मजबूर हैं, लेकिन उन्हें निराशा ही हाथ लग रही है। स्वास्थ्य सेवाओं के ठप होने से आम जनता को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है, जिससे जिले में स्वास्थ्य आपातकाल जैसी स्थिति उत्पन्न हो गई है। जिला नागरिक अस्पताल में अल्ट्रासाउंड सेवाओं में दिक्कत सामने आ रही है। प्रतिदिन अल्ट्रासाउंड की प्रतीक्षा सूची लंबी होती जा रही है। अस्पताल केवल पुराने सूचीबद्ध मरीजों के ही अल्ट्रासाउंड कर पा रहा है, जबकि नए अल्ट्रासाउंड लगातार लिखे जा रहे हैं। नए मरीजों को निजी लैब से अल्ट्रासाउंड कराने के लिए कहा जा रहा है, जिससे उन पर अनावश्यक वित्तीय बोझ बढ़ रहा है। पुराने मरीजों को भी अगली लंबी तारीखें देकर वापस भेजा जा रहा है। अस्पताल में अल्ट्रासाउंड केंद्र लगभग निष्क्रिय पड़ा है, जिससे गर्भवतियों और गंभीर बीमारियों से जूझ रहे मरीजों की परेशानी कई गुना बढ़ गई है।

### दिनभर इंतजार करते रहे मरीज

डाक्टरों की अनुपस्थिति के कारण सर्जरी विभाग में भी स्थिति लगातार बिगड़ती जा रही है। हड़ताल के चलते कई छोटे और बड़े ऑपरेशन टाल दिए गए हैं, जिससे ऑपरेशन की प्रतीक्षा कर रहे मरीजों और उनके परिजनों में नाराजगी है। ऑपरेशन की अगली तारीख को लेकर अस्पताल प्रशासन द्वारा कोई स्पष्ट स्थिति नहीं बताई जा रही है। अनिश्चितता के इस माहौल ने मरीजों की पीड़ा और चिंता को बढ़ा दिया है। लंबे समय से ऑपरेशन का इंतजार कर रहे मरीजों के सामने स्वास्थ्य संकट गहरा गया है।

### ओपीडी में केवल खानापूर्ति

सामान्य बाह्य रोगी विभाग (ओपीडी) की स्थिति भी संतोषजनक नहीं है। अधिकांश मरीजों को केवल दवाइयां देकर घर भेजा जा रहा है, उन्हें उचित परामर्श नहीं मिल पा रहा है। कई मरीजों ने बताया कि पिछले दो दिनों से उन्हें डाक्टरों से सही से सलाह नहीं मिल पाई है, जिसके कारण उनके उपचार में देरी हो रही है। बच्चों, बुजुर्गों और गर्भवती महिलाओं को इस हड़ताल का सबसे ज्यादा खामियाजा भुगतना पड़ रहा है। खासकर गर्भवतियों को जरूरी अल्ट्रासाउंड और जांच के लिए निजी स्वास्थ्य केंद्रों की ओर रुख करना पड़ रहा है।



### अल्ट्रासाउंड केंद्र बंद

जिला नागरिक अस्पताल में मरीजों का बेहतर इलाज किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि ओपीडी और आपात सेवाएं जारी हैं और सभी विभागों में चिकित्सक तैनात किए गए हैं। अस्पताल में अल्ट्रासाउंड केंद्र बंद है और इसके लिए वैकल्पिक व्यवस्था की तलाश की जा रही है।

-ज्योत्सना, सिविल सर्जन, सोनीपत

### लैब सेवाओं पर व्यापक असर

अस्पताल में लैब सेवाओं पर भी डाक्टरों की हड़ताल का व्यापक असर पड़ा है। आवश्यक टेस्ट की संख्या में रोजाना भारी गिरावट दर्ज की जा रही है, जिसके कारण रिपोर्ट आने में अत्यधिक देरी हो रही है। जिन मरीजों को तत्काल जांच रिपोर्ट की आवश्यकता है, उन्हें भी लंबा इंतजार करना पड़ रहा है। अस्पताल स्टाफ ने स्वीकार किया कि डाक्टरों की अनुपस्थिति में सैंपल लेने से लेकर रिपोर्ट जारी करने तक की पूरी प्रक्रिया बुरी तरह से प्रभावित हो रही है। इस कारण मरीजों को आवश्यक और नियमित इलाज नहीं मिल पा रहा है, जिससे उनकी स्वास्थ्य जोखिम बढ़ रहा है।



गन्नौर। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली और मंत्री कृष्ण बेदी खिलाड़ी रिया का सम्मान करते हुए। फोटो : हरिभूमि

# प्रदेश के खिलाड़ियों का देश में बज रहा डंका

- भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली और मंत्री कृष्ण बेदी ने पहलवान रिया रावल को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

गांव पिपली खेड़ा की पहलवान रिया रावल ने थाईलैंड में आयोजित प्रो कुश्ती प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जितने पर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली और मंत्री कृष्ण बेदी ने रिया को सम्मानित भिगान टोल प्लाजा के सम्मान किया। प्रदेशाध्यक्ष बड़ौली ने कहा कि रिया रावल ने स्वर्ण पदक जीतकर देश और प्रदेश का गौरव बढ़ाया है।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली ने कहा कि हमें अपनी बेटियों पर गर्व है। उन्होंने कहा कि मोदी और नायब सरकार बेटियों को हर क्षेत्र में आगे बढ़ाने और उनके सपनों को नई उड़ान देने के लिए निरंतर प्रतिबद्ध है। श्री बड़ौली ने कहा कि रिया रावल ने ना केवल अपनी प्रतिद्वंदी को पटखनी दी, बल्कि भारतीय खेल की मजबूती और बेटियों की शक्ति को भी दुनिया के सामने साबित किया। बड़ौली ने कहा कि हरियाणा की नायब सैनी सरकार ने खेल प्रतिभाओं को निखारने के लिए प्रदेश में खेल नर्सरियां खोली है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार खलाडिय़ों के लिए अनुकूल माहौल तैयार करते हुए उनकी प्रतिभा को नई दिशा दे रही है। उन्होंने कहा कि आज हमारे खिलाड़ी अपने परिश्रम से शानदार प्रदर्शन करते हुए मेडलों की झड़ी लगा रहे हैं।

### हमारी बेटियां अपनी प्रतिभा से देश का नाम रोशन कर रही : कृष्ण बेदी

हरियाणा सरकार में मंत्री कृष्ण बेदी ने कहा कि हमें अपनी बेटियों पर गर्व है और हमारी सरकार बेटियों को हर क्षेत्र में आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए संकल्पित है। बेदी ने कहा कि आज बेटियां हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा और मेधा से दुनिया भर में देश का नाम रोशन कर रही हैं। कृष्ण बेदी ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में हरियाणा हर क्षेत्र में आगे बढ़ रहा है। हरियाणा में युवाओं को योग्यता के आधार पर नौकरियां दी जा रही है।

# कुश्ती में स्वर्ण पदक विजेता रिया रावल का विधायक ने किया सम्मान

- बेटियां अब किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं हैं : देवेन्द्र कादियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

थाईलैंड के बैंकाक में 6 और 7 दिसंबर को आयोजित हुई प्रो रेसलिंग कुश्ती प्रतियोगिता में पिपली खेड़ा की पहलवान रिया रावल ने 60 किलोग्राम वर्ग में स्वर्ण पदक जीतकर क्षेत्र का मान बढ़ाया है। रिया ने बेलारूस की खिलाड़ी को हराकर स्वर्ण हासिल किया। इस स्पर्धा में भारत सहित करीब 40 देशों के खिलाड़ी उतरे थे। वीरवार को रिया का गांव में सम्मान समारोह हुआ। मुख्य अतिथि के तौर पर विधायक देवेंद्र कादियान ने रिया को सम्मानित करते हुए कहा, बेटियां अब किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं हैं। रिया ने साबित कर दिया कि हमारी बेटियां किसी से कम नहीं। अंतर्राष्ट्रीय मंच पर तिरंगा लहराना केवल एक खिलाड़ी की जीत नहीं, बल्कि पूरे क्षेत्र की जीत होती है। सरकार ऐसे प्रतिभावान खिलाडिय़ों के साथ खड़ी है। समारोह में कोच रेखा मान, रोहताश, पवन, धर्मेंद्र, सुरेंद्र, धर्मपाल, दलबीर आदि मौजूद रहे।



गन्नौर। स्वर्ण पदक विजेता रिया रावल को सम्मानित करते विधायक देवेंद्र कादियान। फोटो : हरिभूमि

# रौनक पब्लिक स्कूल में नवाचार आधारित विज्ञान कार्यशाला आयोजित

- कई जिलों से आए शिक्षकों ने कार्यक्रम में हिस्सा लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

रौनक पब्लिक स्कूल में वीरवार को विज्ञान शिक्षण में नवाचार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से क्षमता निर्माण कार्यशाला आयोजित की गई, जिसमें हरियाणा के सोनीपत, पानीपत, रोहतक, गुडग़ांव, करनाल व फरीदाबाद से आए विज्ञान शिक्षकों ने भाग लिया। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य शिक्षकों को आधुनिक शिक्षण तकनीकों से जोडऩा और सीबीएसईदृसीबीसी के इम्यूनिटी क्लासेस माड्यूल के प्रभावी क्रियान्वयन पर रहा। मुख्य वक्ता डा. अनुराधा छाबड़ा ने विज्ञान शिक्षा में उभरते रुझानों, स्वास्थ्य विज्ञान की बढ़ती जरूरत और विद्यार्थियों की सीखने की क्षमता को मजबूत करने वाले तरीकों पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि इम्यूनिटी क्लासेस विद्यार्थियों को प्रतिरक्षा तंत्र और स्वास्थ्य संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान करती हैं, जिन्हें गतिविधि आधारित शिक्षण से और प्रभावी बनाया जा सकता है। विशिष्ट अतिथि राजश्री चौधरी ने डिजिटल टूल्स, प्रोजेक्ट आधारित शिक्षा और वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करने पर जोर दिया। अंत में सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए।



गन्नौर। रौनक पब्लिक स्कूल में आयोजित कार्यशाला के दौरान उपस्थित शिक्षक।

### सड़क सुदृढीकरण पर खर्च होंगे 6 करोड़ 17 लाख रुपये

**गोहाना।** सहकारिता मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा शुक्रवार को गोहाना से लाखनमाजरा मार्ग के जिला सोनीपत सीमा खण्ड के सुदृढीकरण कार्य का शिलान्यास करेंगे। छह माह की समय सीमा में बनने वाली इस सडक़ पर 6 करोड़ 17 लाख रूपए की राशि खर्च की जाएगी। इस मार्ग से गुजरने वाले हजारों वाहन चालकों एवं ग्रामीणों को इसका लाभ होगा। जानकारी देते हुए प्रवक्ता ने बताया कि शुक्रवार को सहकारिता मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा गोहाना में तीन कार्यक्रमों में शामिल होंगे। गोहाना से लाखन माजरा तक सडक़ सुदृढीकरण के लिए टेंडर प्रक्रिया पूरी होने के बाद ठेकेदार एजेंसी को काम आबंटित कर दिया गया है। इस प्रक्रिया को आगे बढ़ाने के लिए शुक्रवार को सुबह 11 बजे सहकारिता मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा निर्माण कार्य का शुभारंभ करेंगे। प्रवक्ता के अनुसार इसके बाद साढे 11 बजे कैबिनेट मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा नई अनाज मंडी में मार्किट कमेटी के नवनियुक्त प्रधान कृष्ण सैनी के पदभार ग्रहण कार्यक्रम में शामिल होंगे।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन : 8295154800, 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नही हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10×8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन 0130-4012310, 9253681028

### दिल्ली स्टेट फेंसिंग चैंपियनशिप में खिलाड़ियों ने जीते 4 पदक

**खरखौदा।** नई दिल्ली स्थित दीनदयाल कॉलेज में आयोजित दिल्ली स्टेट अंडर -20 फेंसिंग चैंपियनशिप में प्रताप विद्यालय के युवराज ने स्वर्ण पदक, आयुष सैनी, तरुण सियाग व अंश पटेल ने कांस्य पदक जीतकर विद्यालय को गौरवान्वित किया। द्रोणाचार्य पुरस्कार से सम्मानित ओमप्रकाश दहिया, प्रधान वेदप्रकाश दहिया, संस्थापक सतप्रकाश दहिया, प्राचार्या दया दहिया, एकेडमिक डायरेक्टर डॉ. सुबोध दहिया व आर्चरी कोच लोकेश राणा ने खिलाड़ियों को जीत पर शुभकामनाएँ दीं। द्रोणाचार्य अवार्डी ओमप्रकाश दहिया ने अपने संबोधन में आर्चरी खेल के विकास, आधुनिक प्रशिक्षण पद्धतियों, अनुभवी कोचिंग स्टाफ तथा खिलाड़ियों के लिए उपलब्ध उच्चस्तरीय सुविधाओं का उल्लेख किया। एकेडमिक डायरेक्टर डॉ. सुबोध दहिया ने कहा कि विद्यालय की प्राथमिकता समग्र शिक्षा देना है।



### डीसीआरयूएसटी परिसर में हुआ कूड़ा समस्या का स्थायी समाधान, जेबीएम से एमओयू

**सोनीपत।** दीनबंधु छोटू राम विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (डीसीआरयूएसटी), मुरथल में विश्वविद्यालय की स्थापना से कूड़ा निस्तारण समस्या का स्थाई समाधान नहीं था। जिसको लेकर अब विवि प्रबंधन ने जेबीएम के साथ ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम और अन्य लागू विनियम अनुसार एमओयू साइन किया है। इसके तहत जेबीएम प्रतिदिन विश्वविद्यालय परिसर से कूड़ा उठाकर अपने निर्धारित डंपिंग क्षेत्र में ले जाएगी। वीसी प्रो. श्रीप्रकाश सिंह ने कहा कि विश्वविद्यालय प्रशासन स्वच्छ परिसर के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि यह समझौता विश्वविद्यालय में स्वच्छता व्यवस्था को नई दिशा देने में सहायक सिद्ध होगा।

# जेलमंत्री का औचक निरीक्षण, जांची व्यवस्थाएं

## बंदियों की मूलभूत सुविधाओं को लेकर निरंतर सुधार किया जा रहा : शर्मा

- जिला कारागार सोनीपत में बंदियों के कौशल विकास से लेकर खानपान की ली जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

सहकारिता, कारागार, निर्वाचन, विरासत व पर्यटन मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने गोहाना रोड स्थित जिला कारागार का औचक निरीक्षण करते हुए विभिन्न व्यवस्थाओं का जायजा लिया। जेल मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने कहा कि बंदियों के कौशल विकास से लेकर उनके खानपान को लेकर व्यक्तिगत तौर पर जानकारी प्राप्त की। उन्होंने जेल अधिकारियों को निर्देश दिए कि बंदियों की मूलभूत सुविधाओं को लेकर निरंतर सुधार किया जाए, ताकि जेल परिसर में हरियाली को बढ़ाया जाए। वीरवार दोपहर जेल मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा राज्य स्तरीय अंत्योदय मेले में शिरकत करने के लिए पहुंचे थे। उन्होंने गोहाना रोड पर जिला कारागार का औचक निरीक्षण किया। इसकी शुरूआत जिला कारागार द्वारा संचालित पैट्रोल पंप के निरीक्षण से हुई, जहां निगरानी व्यवस्था के मध्य बंदी वाहनों में ईंधन भर रहे थे। इसके उपरांत जेल कैंपस में जेल अधीक्षक राजेंद्र सिंह के साथ जेल रसोई का निरीक्षण करते हुए बंदियों के लिए खाने की व्यवस्था को जांचा और प्रबंधन को बेहतर रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि राशन प्रबंधन से लेकर खाने की बर्बादी न हो, इसके लिए बंदियों को जागरूक किया जाए। जेल मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने वीडियो कांफ्रेंसिंग सेंटर का दौरा करते हुए जेल से कैदियों, बंदियो के आनलाइन पेशी की व्यवस्था की सराहना की। कैबिनेट मंत्री डॉ. शर्मा ने जेल अधीक्षक को जेल परिसर में हरियाली को बढाने के लिए विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए। इसके उपरांत जेल फैक्ट्री का दौरा करते हुए सिलाई यूनिट, बेकिंग यूनिट, बढईगिरी सेक्शन और गोदाम में कैदियों से संवाद करते हुए उनकी दिनचर्या को जाना और उनके द्वारा बनाए जा रहे उत्पादों की सराहना की। उन्होंने रेडियो जॉकी सेंटर के माध्यम से कैदियों की रचनात्मक गतिविधियों व उनके द्वारा किए गए प्रयासों की भी तारीफ की। उन्होंने जेल अधीक्षक राजेंद्र सिंह को निर्देश दिए कि जेल कैंपस में आने वाले प्रत्येक बंदी के स्वास्थ्य की नियमित जांच की जाए और यह सुनिश्चित किया जाए कि परिसर में नशा किसी भी कीमत पर न पहुंचे।



सोनीपत। जिला कारागार का निरीक्षण करते हुए मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा। फोटो : हरिभूमि

# यूके में नौकरी दिलाने का झांसा देकर 33 लाख ठगे

- बारोटा निवासी युवती के साथ हुई वारदात, पुलिस ने दर्ज किया केस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

गांव बारोटा की युवती को यूनाइटेड किंगडम (यूके) में आईटी में नौकरी दिलाने का झांसा देकर 33 लाख रुपये की ठगी की गई। आरोपितों ने फर्जी नियुक्ति पत्र दिया और साक्षात्कार कराए। इसके साथ ही युवती पर कांट्रेक्ट मैरिज करने का दबाव तक बनाया। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपित दंपती के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली है।

गांव बारोटा निवासी अर्चना ने पुलिस आयुक्त को दी शिकायत में बताया कि वर्ष 2019 में वह पढ़ाई के लिए यूके गई थी। उन्होंने एमएससी की थी। बाद में वर्ष 2021 में एडवांस्ड कंप्यूटर साइंस विद रिसर्च में स्नातक की तो वहां पर उनकी पहचान आशीष यादव और उसकी पत्नी सुरभि यादव से हुई थी। पढ़ाई पूरी करने के बाद सितंबर 2023 में वह भारत लौट आई और नौकरी की तलाश में थी।

अर्चना ने बताया कि अप्रैल, 2024 में आशीष यादव ने उसे यूके में आईटी में नौकरी दिलाने का भरोसा दिलाया और इसके एवज में 23 लाख रुपये की मांग की। विश्वास में आकर उसने दंपती को पैसे दे दिए।

आरोपियों ने फर्जी वेबसाइट, नकली साक्षात्कार और फर्जी ऑफर लेटर तैयार कर उन्हें यह भरोसा दिलाया कि उनकी नौकरी लग गई है। इसके बाद पीड़िता ने वीजा प्रक्रिया पूरी कर ली और अगस्त 2024 में लंदन पहुंच गई। लंदन पहुंचने के बाद दंपती ने उसे अपने घर में रखा और नौकरी ज्वाइनिंग की तारीख बार-बार आगे बढ़ाते रहे।

अर्चना ने 1 सितंबर को कथित ऑफिस जाकर देखा तो वहां सिर्फ दो टेबल और एक व्यक्ति ही मिला। ना कोई कर्मचारी, ना कोई कंपनी का माहौल था। ईमेल, कॉल और मैसेज के बावजूद किसी से कोई जवाब नहीं मिला। तभी उसे धोखे का अहसास हो गया।

### नौकरी की आड़ में कॉन्ट्रैक्ट मैरिज का बनाया दबाव

पीड़िता का आरोप है कि नौकरी की आड़ में आरोपित दंपती ने उस पर कांट्रेक्ट मैरिज का दबाव बनाया। इसके अलावा आरोपितों ने उनके तीन क्रेडिट कार्ड से कुल 15 लाख रुपये खर्च कर दिए। लगातार दबाव और शिकायत करने की चेतावनी के बाद आरोपित दंपती ने सिर्फ 5 लाख रुपये वापस किए, जबकि बाकी रकम देने से इनकार कर दिया। जिस पर अब कुंडली थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई है।